an>

Title: The Speaker made reference to the passing away of Shri K. Gopal, member of 5th and 6th Lok Sabhas. She also made reference to the loss of lives of ten personnel of the Border Security Force when their aircraft crashed in Dwarka near Delhi Airport on 22 December, 2015.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को श्री के. गोपाल के दुखद निधन के बारे में सूचित करना है। वे तमिलनाडु के करूर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए पांचवीं और छठीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री गोपाल एक सक्रिय सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता थे और उन्होंने 1979 से 1980 तक संसदीय कार्य मंत्रालय के केन्द्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। वे प्राक्कलन समिति के सदस्य भी थे। श्री के. गोपाल का निधन 81 वर्ष की आयु में 30 अगस्त, 2015 को चेन्नई में हुआ। हम श्री के.गोपाल के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हैं और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

माननीय सदस्यगण दिनांक 22 दिसम्बर, 2015 को एक त्रासदीपूर्ण दुर्घटना में दिल्ली हवाई अड्डे के निकट द्वारका में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सीमा सुरक्षा बल के दस कार्मिकों की मृत्यु होने की सूचना मिली है। यह सभा इस दुर्घटना में मारे गए लोगों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना और दुख व्यक्त करती है।

अब सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर के लिए मौन खड़ी रहे।

11.01 hours

The Members then stood in silence for short while.

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपकी जानकारी में लाना चाहता हूं...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : एक मिनट रुकिए। मैं एडजर्नमेंट मोशन्स के बारे में पहले निर्णय देती हूं, फिर बोलिए।